हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 14 मार्च, 2022/23 फाल्गुन, 1943 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - उद्योग मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 43

तकनीकी शिक्षण संस्थान

2133 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने तकनीकी शिक्षण संस्थान कार्यरत हैं तथा गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक इन संस्थानों में विभिन्न निर्माण तथा अन्य कार्य हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

विभिन्न निर्माण कार्य

2134 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक नगरोटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य संस्थानों को कितनी धनराशि जारी की गई; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय टांडा में विभिन्न निर्माण कार्यों व अन्य कार्यों हेतु कितनी धनराशि जारी की गई; वर्षवार ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

2135 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आयुर्वैदिक संस्थान कार्यरत हैं; इन संस्थानों में कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; रिक्त पदों का ब्यौरा समयावधिवार व संस्थानवार दें; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

स्मार्ट सिटी कार्य

2136 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कहाँ-कहाँ स्मार्ट सिटी के कार्य चल रहे हैं; इन कार्यों के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक स्मार्ट सिटी मिशन के तहत क्या-क्या कार्य किए गए; कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; किए गए कार्यों पर व्यय हुई धनराशि, नोडल एजेंसी और ठेकेदारों के नाम सहित ब्यौरा दें?

सेवानिवृत्त कर्मचारी

2137 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक हिमाचल पथ परिवहन निगम के कितने कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए; इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन उपलब्ध करवा दी गई है; यदि नहीं, तो ब्यौरा कारणों सहित दें; और

(ख) सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करने के लिए अलग से धनराशि का प्रावधान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

बस क्रय

2138 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) परिवहन निगम के डिपुओं/क्लस्टर्ज में कितनी 12 मीटर बसें, कब क्रय की गई थीं व

उन पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन बसों की सीटों व डीजल टैंक में बदलाव कर उन्हें लम्बे रूट पर चलाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

कुणा-मंडोचली मार्ग

2139 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चौपाल लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत कुणा-मंडोचली मार्ग की कितनी लम्बाई है तथा कितने किलोमीटर मार्ग को चौड़ा किया जा रहा है; और

(ख) इस मार्ग की चौड़ाई हेतु कब-कब और कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कार्य की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

क्रशरों की सूचना

2140 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) फतेहपुर, जसवां-प्रागपुर, इंदौरा और नूरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत क्रशरों का ब्यौरा नाम, मालिक के नाम, कंपनी के नाम व स्थान सहित दें; और

(ख) इन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत कोई अवैध क्रशर चल रहे हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

नारकोटिक्स मामले

2141 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक फतेहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नारकोटिक्स/ड्रग्स इत्यादि की कितनी एफ0आई0आर0 दर्ज़ हुईं; वर्षवार ब्यौरा दें?

कार्यों का ब्यौरा

2142 श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक फतेहपुर लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत कितने कार्य स्वीकृत किए गए तथा कितने कार्य ठेकेदारों को आबंटित किए गए; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम सहित कार्यवार दें; और

(ख) कार्य आबंटित होने के उपरान्त भी कार्य आरम्भ न होने के क्या कारण हैं; यह कार्य किन ठेकेदारों को आबंटित किए गए थे; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

स्वीकृत धनराशि

2143 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न मदों के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा तिथिवार व मदवार दें?

दैनिक वेतनभोगी नियमितीकरण

2144 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग में कितने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित किया गया है; अवधिवार पूर्ण ब्यौरा दें?

बस सेवा

2145 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कब-कब व किन-किन नए बस रूटों पर बसें चलाई गईं; वर्तमान में कितने बस रूट चालू हैं; नामवार ब्यौरा दें?

HRTC Depots

2146 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) what is the fleet strength of HRTC Depots in the State; Depot-wise details be given; and

(b) what is the strength of Conductors and Drivers approved in each Depot; details of Depot-wise strength approved and employees posted be given?

Ropeway

2147 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that a Ropeway will be constructed in Palampur Assembly Constituency; details be given;

(b) how much funds has been received or sanctioned by the State Government for the project; details of sanctioned funds be given; and

(c) is it also a fact that a survey was conducted for the Ropeway Project; if yes, details of survey report be given?

Investors Meet

2148 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) how many MOUs were signed between the Government and Investors in various fields, after the Investors meet in the year, 2019; details be given;

(b) how many of these MOUs thus signed have completed their Codal formalities and have started building infrastructure; details of the list of projects already started be given; and

(c) what is the quantum of investment that has been brought into the State through these projects; details be given?

स्वीकृत धनराशि

2149 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत डी0सी0पी0 व बी0ए0एस0पी0 के तहत कितनी धनराशि जारी की गई; पंचायतवार ब्यौरा दें; और

(ख) यह धनराशि किसकी सिफारिश पर जारी की गई; इस अवधि के तहत रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने दीवारों के मामले स्वीकृत हुए; लाभार्थियों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

धारा-भलाड़ा-मलखून सड़क

2150 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहड़ू मण्डल के अन्तर्गत धारा-भलाड़ा-मलखून सड़क निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) यह टेण्डर किस ठेकेदार को कब अवार्ड किया गया तथा कार्य में हो रहे विलंब के कारणों तथा ठेकेदार के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

झलवाड़ी-भमवाड़ी सड़क

2151 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू मण्डल के अन्तर्गत झलवाड़ी से भमवाड़ी सड़क के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; यह टेण्डर किस ठेकेदार को आबंटित किया गया था; ठेकेदार का नाम व आन्ध्रा खड्ड पर रावसी पुल की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें ?

पदपूर्ति

2152 श्री संजय अवस्थी (अर्की):

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नागरिक चिकित्सालय कुनिहार में सफाई कर्मचारियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; सरकार

इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

खेरघाटी-टिक्कर रोड

2153 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि खेरघाटी से टिक्कर सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है; यदि नहीं, तो सरकार यह कार्य कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है?

वन अधिकार अधिनियम

2154 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)**:

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन अधिकार अधिनियम के तहत कितने मामले स्वीकृत हुए; ब्यौरा दें?

Foundation Stone

2155 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai)**:

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many foundation stone have been laid by the Government in Shillai Assembly Constituency for the Projects under Public Works Department including Schools and Health Institutions; details of latest position be given; and

(b) what is the estimated cost of each Project and how much funds have been sanctioned for it and by when these will be completed; details be given?

गृह रक्षक पॉलिसी

2156 **श्री राकेश जम्वाल(सुन्दरनगर) :**
श्री अनिरूद्ध सिंह(कसुम्पटी) :
श्री राकेश सिंघा(ठियोग) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने गृह रक्षक अपनी सेवाएं दे रहे हैं, इन्हें वर्ष में कितने दिन रोज़गार दिया जाता है व इनकी दिहाड़ी कितनी है; और

(ख) सरकार इन्हें नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

सलापड़-तत्तापानी सड़क

2157 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सलापड़ से तत्तापानी सड़क का निर्माण कार्य किस वर्ष आरंभ किया गया; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई; क्या इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है; यदि नहीं, तो शेष कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

आई0टी0आई0 भवन

2158 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर)ः**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर में स्टेट ऑफ द आर्ट आई0टी0आई0 कब शुरू की गई व वर्तमान में इसकी कक्षाएं कहां पर चलाई जा रही हैं; सरकार इस आई0टी0आई0 का अपना भवन बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कहां और कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Chairman/Vice-Chairman

2159 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many persons have been nominated as Chairman and Vice-Chairman of Boards and Corporations; provide their name and addresses; provide the rules of their permissible allowances and expenditures and also the rules for which the vehicle alloted to them is allowed to be used by them; and

(b) during this period, provide the total expenditure made on TA & DA of each Chairman and Vice-Chairman separately for and how many of them are claiming house rent and what amount are they claiming; details be given?

Registration of Unions

2160 Sh. Rakesh Singha (Theog):

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many applications have been made to the Labour Department for registration of Unions under the Trade Union Act, in the Gagret area of District Una; how many have been registered and how many are pending for registration; give reasons for the same; and

(b) provide the minutes of the meeting in which the rejection of the application were done by the registration authority, are the reasons for rejection recorded; what all rights flow to the workers on registration of Unions under the Trade Union Act; details be given?

पुलिस चौकी

2161 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के बॉर्डर गांव में हिमाचल पुलिस की चौकियां स्थापित की जा रही हैं; यदि हां, तो कितने गांवों में व किस-किस गांव में ये चौकियां स्थापित की जाएंगी; इसका क्या कार्यक्षेत्र होगा; कितने की नफरी प्रत्येक चौकी पर होगी; इस पर कुल कितनी धनराशि वार्षिक व्यय की जाएगी; और

(ख) प्रदेश के कितने गांव बॉर्डर के साथ लगते हैं; इन गांवों के नाम व गांव से एल0ओ0सी0 की दूरी सहित गांववार ब्यौरा दें?

उद्घाटन व शिलान्यास पट्टिका

2162 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिला किन्नौर में मुख्य मंत्री द्वारा किए गए उद्घाटन व शिलान्यास की पट्टिकाओं में वन निगम के उपाध्यक्ष का नाम किस सरकारी नियम व आदेश से लगाया जा रहा है; और

(ख) स्थानीय विधायक का नाम इन पट्टिकाओं में क्यों नहीं लगाया जा रहा है; कारण सहित ब्यौरा दें?

खैर कटान

2163 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)**ः

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में 10 वर्षीय कटान योजना के अन्तर्गत जो क्षेत्र खैर के कटान के लिए खोले गए हैं, उन क्षेत्रों में जिला बिलासपुर के अन्तर्गत जंगलों से कितने खैरों के पेड़ काटे गए व इनकी डैमेज रिपोर्ट कितनी धनराशि की काटी गई; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि सरकार द्वारा आम के पेड़ों को काटने पर प्रतिबन्ध लगाया गया है; यदि हां, तो गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक प्रदेश में आम के पेड़ों को काटने के कितने मामले पकड़े गए तथा इन मामलों में क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

एम्बुलेंस सेवा

2164 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत घवान्डल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्त एम्बुलेंस गत 3 वर्षों से उपयोग में नहीं लाई गई है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) इस स्वास्थ्य केंद्र में एम्बुलेंस चालक का पद रिक्त है; यदि हां, तो इस पद को कब तक भर दिया जाएगा?

आयुर्वैदिक औषधालय निहारखन

2165 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि आयुर्वैदिक औषधालय निहारखन का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो इसकी मरम्मत हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

ठेकेदारों को कार्य

2166 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जिला चम्बा में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना/नाबार्ड योजना के अधीन किन-किन ठेकेदारों को

कितने-कितने कार्य आबंटित किये गए; और

(ख) ये कार्य कब आबंटित किए गए और इन्हें पूर्ण करने की समयावधि क्या है; ब्यौरा नाम सहित सभा पटल पर रखें?

सिक्योरिटी गार्ड

2167 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक पंडित जवाहर लाल नेहरू मैडिकल कॉलेज/ हॉस्पिटल चम्बा में क्या आउटसोर्स पर सिक्योरिटी गार्ड रखे गए हैं;

(ख) यदि हां, तो कितने तथा क्या इन सिक्योरिटी गार्ड को रखने से पहले अखबार या अन्य साधनों से विज्ञापन दिया गया था; यदि हां, तो विज्ञापनों की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) इन कर्मचारियों को कितना वेतन प्रदान किया जाता है व कौन सी तारीख को उनके खाते में वेतन जमा करवाया जाता है;

(घ) इस अवधि में इन कर्मचारियों का कितना ई0पी0एफ0 जमा करवाया गया; ब्यौरा कर्मचारीवार दें; और

(ङ) क्या इसमें रखे गए कर्मचारियों की लेबर रजिस्ट्रेशन व लेबर इंश्योरेंस करवाई गई है; यदि हां, तो ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

पदपूर्ति

2168 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं तथा इन पदों को कब तक भर दिया जाएगा; रिक्त पदों का केन्द्रवार ब्यौरा दें?

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी

2169 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि एन0एच0एम0 द्वारा स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य

अधिकारी के पदों को भरने की अधिसूचना जारी की गई थी परन्तु यह अधिसूचना वापिस कर दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के पदों को भरने का विचार रखती है?

व्यक्तिगत साक्षात्कार

2170 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन शिमला द्वारा जो व्यक्तिगत साक्षात्कार लिए जाते हैं उनमें एक पद के प्रति तीन या चार प्रार्थी बुलाए जाते हैं; यदि हां, तो क्या सरकार वर्ग विशेष या विषय विशेष के एक पद के लिए एक ही प्रार्थी होने पर साक्षात्कार को रद्द न करके इस नियम को बदलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

ए0एन0एम0 भर्ती

2171 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि वर्ष 1998 से ए0एन0एम0 की भर्ती सरकार ने बन्द कर रखी है; क्या सरकार ए0एन0एम0 की भर्ती को पुनः चालू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

कार पार्किंग

2172 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नवगठित नगर पंचायत आनी व निरमण्ड में कार पार्किंग निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

पुलिस थाने/चौकियां

2173 **श्री किशोरी लाल (आनी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने थाने व पुलिस चौकियां हैं; इनमें कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें?

रोपवे निर्माण

2174 श्री किशोरी लाल (आनी):

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जलोड़ी से रघुपुर गढ़ के लिए पर्यटन की दृष्टि को देखते हुए रोपवे का निर्माण करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

रोपवे

2175 श्री विशाल नैहरिया (धर्मशाला):

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि माता श्री चामुण्डा देवी मंदिर से आदि हिमानी चामुण्डा मंदिर के लिए रोपवे परियोजना प्रस्तावित है; और

(ख) यदि हां, तो इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

यशपाल शर्मा,
सचिव।